प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 22.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों ने एक करोड़ रूपये के इनामी नक्सली पतिराम मांझी समेत पन्द्रह नक्सलियों को मार गिराया, भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद।
2. केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव से मिले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 इरफान अंसारी, झारखंड में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज और हाईटेक लैब की स्थापना को मिली मंजूरी।
3. नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे रांची, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ कल रांची में देंगे विद्यार्थियों को विकसित भारत का मंत्र।
4. लोकभवन में मना उत्तर प्रदेश समेत चार राज्यों का स्थापना दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखी एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक।

और

5. विद्या की देवी मां सरस्वती की कल होने वाली पूजा को लेकर राज्यभर में श्रद्धालु उत्साहित, रांची समेत विभिन्न जिलों में भव्य पूजा आयोजन की तैयारी।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। आईजी अभियान डॉ0 माइकल राज एस0 ने रांची में प्रेसवार्ता में बताया कि मुठभेड़ में भाकपा माओवादी के केंद्रीय कमेटी सदस्य और एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली पतिराम मांझी उर्फ अनल दा समेत पन्द्रह नक्सलियों सुरक्षा बलों ने मार गिराया। उन्होंने बताया कि इलाके में चलाये गये सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद किये गये हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिलने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने नक्सलियों से समाज की मुख्य धारा में लौटने की अपील की है।

****

केंद्र सरकार ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव के साथ बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हाईटेक लैब और मेडिकल की सीटों में वृद्धि से जुड़े प्रस्ताव रखे। इस पर केन्द्रीय राज्य मंत्री ने सहमति जतायी है। डॉ. अंसारी ने बताया कि इन फैसलों से झारखंड अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मजबूत और आधुनिक हेल्थ हब के रूप में उभरेगा।

****

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी आज राज्य के दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर हवाई अड्डे पर उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। अपने दौरे के क्रम में नौसेना प्रमुख रात्रि विश्राम लोकभवन में करेंगे। नौसेना प्रमुख कल रांची के सीसीएल सभागार में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के साथ विद्यार्थियों को विकसित भारत का मंत्र देंगे। राजधानी के एक स्कूल में भी उनका विकसित भारत पर संवाद समेत कई कार्यक्रम निर्धारित है।

****

नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन चल रहा है, जिसका कल आखिरी दिन है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। मालदीव के निर्वाचन प्रबंधन निकाय के प्रमुख मोहम्मद जाहिद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ विचार–विमर्श किया। इस बैठक में झारखंड की ओर से मेजबानी कर रहे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की। सम्मेलन के दौरान वन–स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट लॉन्च किया गया।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वरयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से निर्णय लेने की प्रक्रिया, परियोजनाओं में देरी के कारणों का समाधान और जवाबदेही तय करने में मदद मिली है। इस विशेष श्रृंखला में आज हम झारखंड राज्य में इस्पात मंत्रालय से जुड़ी परियोजनाओं पर नजर डालते हैं।

****

रांची स्थित लोकभवन में आज उत्तर प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया और राज्यों की खूबियां गिनायी। इस दौरान लोकभवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की झलक देखने को मिली।

****

रामगढ़ पुलिस ने पिछले बारह जनवरी को एक कंपनी में हुई लूट मामले का खुलासा कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि इस मामले में सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से देसी कट्टा गोली, एक लाख रूपये से अधिक नकदी और चोरी की करीब दो सौ पचास टन वायर बरामद किये गये हैं।

****

हजारीबाग जिले के दारुडीह निवासी आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने गणतंत्र दिवस के परेड में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। निमंत्रण मिलने पर वह गौरवान्वित महसूस कर रही हैं।

****

राजधानी रांची सहित राज्यभर में कल विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाएगी। इसे लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रांची में कई स्थानों पर मां सरस्वती की पूजा को लेकर भव्य पंडाल बनाये गये हैं। इधर सरस्वती पूजा के मद्देनजर राज्यभर में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय की ओर से अलर्ट किया गया है।

*******समाप्त********